## लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश
## गौतम नगर, भोपाल - 462023
## दूरभाष: 0755-2583650 फैक्स: 0755-2583651

क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/ 08

भोपाल, दिनांक: 18/06/2020

**प्रति,**

**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**समस्त ज़िले (म.प्र.)**

**विषय: स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के विभिन्न पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण तथा संबंधित आवश्यक जानकारियाँ एवं शर्तें।**

1. मध्यप्रदेश के शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा इस हेतु विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है।
2. इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च-गुणवता वाले 'डायग्नोस्टिक असेसमेंट' और 'वैल्यूज, एटीट्यूड्स एंड बिहेवियर असेसमेंट' का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को हितधारकों तक प्रसारित करना है। इससे राज्य में शिक्षण, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सामग्री, प्रशिक्षण, आदि संबंधी आवश्यकताओं को चिन्हांकित करके उनपर कार्यवाही करना संभव हो सकेगा।
3. स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल हेतु निम्नलिखित के चयन की प्रक्रिया की जानी है:
   (1) असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 1
   (2) सब्जेक्ट एक्सपर्ट, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 12
   (3) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 58
4. अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रियां अंतर्गत लिखित परीक्षा और साक्षात्कार देने होंगे।

Scanned with CamScanner

5. इन पदों के संबंध में जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्ते परिशिष्ट 1 से 3 पर संलग्न हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इन्हें लोक शिक्षण संचालनालय की वैबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर भी देख सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 27 जून, 2020 तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) विमर्श पोर्टल पर लिंक https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर उपलब्ध है।

अतः तत्काल समस्त शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, डाइट तथा जिला शिक्षा केंद्र को यह पत्र और इसके संलंग्न 3 परिशिष्ट प्राप्त कराते हुए उनके सूचना पटल पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार परिशिष्ट 1 से 3**

12/6/20

(जयश्री कियावत)

**आयुक्त**

**लोक शिक्षण संचालनालय**

पृ. क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/06 भोपाल, दिनांक: 18/06/2020

1. प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. संभागीय आयुक्त, समस्त संभाग, म.प्र.।
3. कलेक्टर, समस्त ज़िले, म.प्र.।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त ज़िले, म.प्र.।
5. संयुक्त संचालक, समस्त संभाग (म.प्र.) की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर इस पत्र और इसके परिशिष्ट प्रदर्शित करें ।
6. प्राचार्य, समस्त हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी स्कूल, समस्त ज़िले, म.प्र. की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर इस पत्र और इसके परिशिष्ट प्रदर्शित करें।

**आयुक्त**

**लोक शिक्षण संचालनालय**

Scanned with CamScanner

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल0–462023
दूरभाषः 0755–2583650 फैक्सः 0755–2383651

# विज्ञप्ति

**विषयः– लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल में स्टेट असेसमेंट सेल, के लिए असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर के पद हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रण।**

मध्यप्रदेश के शासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षणिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च गुणवत्ता वाले "डायग्नोस्टिक असेसमेंट" और "वेल्यूज एटीट्यूडस एण्ड बिहेवियर असेसमेंट" का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को प्रसारित करना है।

- **असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर –1 पद**
- **योग्यता – स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत उपसंचालक/ सहायक संचालक/प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्तर के अधिकारी**
- **आयु– 31 मई 2020 को 58 वर्ष से अधिक न हो।**
- **पदस्थापना राज्य कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय में की जाएगी।**

इस पद के संबंध में जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्ते परिशिष्ट पर संलग्न है। इच्छुक अभ्यार्थी इन्हें लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर भी देख सकते है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 27 जून 2020 तक ऑनलाईन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फार्म) विमर्श पोर्टल लिंक https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर उपलब्ध है।

संलग्न– उपरोक्तानुसार परिशिष्ट

12/6/20
(जयश्री कियावत)
आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश

क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/05 भोपाल, दिनांक:

## असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) पद हेतु आवेदन करने संबंधी जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्ते

1. मध्यप्रदेश के शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा इस हेतु विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है।

   1.1इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च-गुणवत्ता वाले 'डायग्नोस्टिक असेसमेंट' और 'वैल्यूज, एटीट्यूड्स एंड बिहेवियर असेसमेंट' का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को हितधारकों तक प्रसारित करना है। इससे राज्य में शिक्षण, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सामग्री, प्रशिक्षण, आदि संबंधी आवश्यकताओं को चिन्हांकित करके उन पर कार्यवाही करना संभव हो सकेगा।

   1.2 असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) पद हेतु निम्नानुसार आवश्यक योग्यताओं को पूर्ण करने वाले उम्मीदवार लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर दिनांक 27 जून, 2020 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

2. **पद का नाम: असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल)**

   2.1 **पद की संख्या** : 1 (एक)

   2.2 **असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के पद पर आवेदन के लिए पात्रता :**

   (1) असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का मूल पद - स्कूल शिक्षा विभाग,



Scanned with CamScanner

मध्यप्रदेश में कार्यरत प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अथवा इससे वरिष्ठ किसी पद पर कार्यरत अधिकारी, होना आवाश्यक होगा।

(2) आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 31 मई 2020 को 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2.3 **चयन उपरांत कार्य स्थल:**

(1) असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, स्टेट असेसमेंट सेल की पदस्थापना स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल पर रहेगी।

(2) इन्हें अपने मुख्यालय भोपाल पर पूरे समय उपस्थित रहकर कार्य करना होगा।

2.4 **असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर की स्टेट असेसमेंट सेल में भूमिका:**

(1) असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशन में असेसमेंट सेल के समन्वयक के रूप में कार्य करना।

(2) स्टेट असेसमेंट सेल के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक कार्य योजना तैयार करना।

(3) योजना के क्रियान्वयन के दौरान समस्त कार्यों/ कार्यक्रम/ गतिविधियों/ कार्यवाहियों हेतु सक्षम अधिकारियों से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करना।

(4) स्टेट असेसमेंट सेल द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में राज्य/ जिला स्तरीय अधिकारियों और स्कूलों के साथ समन्वय करना।

(5) स्टेट असेसमेंट सेल द्वारा किए जाने वाले विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यशालाओं, बैठकों, सेमिनारों और अन्य सभी गतिविधियों का आयोजन करना।

(6) स्टेट असेसमेंट सेल द्वारा किए गए कार्यक्रम की मॉनीटरिंग और पर्यवेक्षण करना।

(7) कार्यक्रम क्रियान्वयन और टीम के सदस्यों की परफॉरमेंस सहित सभी लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में सुनिश्चित करना।

(8) राज्य में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की प्रगति की रिपोर्ट तैयार करना।

(9) स्टेट असेसमेंट सेल की प्रत्येक गतिविधि के बाद समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

(10) समय - समय पर राज्य स्तर से सौंपें गए कार्यों को करना।

2.5 इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को अपने ज़िले के मुख्यालय पर आयोजित लिखित परीक्षा देनी होगी, जिससे संबंधित जानकारी और शर्तें निम्नानुसार है:

Scanned with CamScanner

| सेक्शन | कौशल एवं प्रश्न-प्रकार | अंक | मूल्यांकन विधि |
|---|---|---|---|
| (1) | उम्मीदवार की हिंदी भाषा में लिखने और पढ़ने की दक्षता के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 20 | लिखित परीक्षा |
| (2) | उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा में लिखने और पढ़ने के कामकाजी ज्ञान की दक्षता के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। | 20 | लिखित परीक्षा |
| (3) | क. कंप्यूटर के उपयोग के कामकाजी ज्ञान - एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल और एमएस पावर-पॉइंट के ज्ञान के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।<br>ख. इंटरनेट, ईमेल, वेब-सर्च और WhatsApp के उपयोग संबंधी कामकाजी ज्ञान के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 40 | लिखित परीक्षा |
| (4) | मूल्यांकन संबंधी आइटम निर्माण, मूल्यांकन का क्रियान्वयन और मूल्यांकन परिणामों के विश्लेषण जैसे विषयों पर बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 20 | लिखित -परीक्षा |
| (5) | जनरल एपटीट्यूड टेस्ट - रीजनिंग (लॉजिकल, एनालिटिकल और क्रिटिकल), क्वांटिटेटिव क्षमता, डेटा विश्लेषण पर बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 100 | लिखित परीक्षा |
| | **कुल अंक** | 200 | |

2.6 उपरोक्त बिंदु कंडिका 2.5 के सेक्शन (1) से (5) में से प्रत्येक सेक्शन में उम्मीदवार को पृथक-पृथक न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में प्रत्येक सेक्शन में 50% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की साक्षात्कार हेतु पात्रता सूची तैयार की जायेगी।

2.7 साक्षात्कार हेतु जारी पात्रता सूची में शामिल उम्मीदवारों को भोपाल में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।

2.8 पूर्व में मैनेजमेंट संबंधी पद जैसे – DEO, DPC, ADPC, सहायक संचालक, उप संचालक, आदि पर कार्य कर चुके उम्मीदवारों को साक्षात्कार में प्राथमिकता दी जायेगी।

2.9 लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंकों के योग में सर्वाधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार को पद हेतु चयनित किया जायेगा।



Scanned with CamScanner

2.10 आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) विमर्श पोर्टल पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://www.vimarsh.mp.gov.in/

2.11 **महत्वपूर्ण तिथियाँ**:

(1) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: 27/06/2020

(2) ज़िला मुख्यालय पर लिखित परीक्षा की तिथि पृथक से सूचित की जायेगी।

Scanned with CamScanner